Total number of printed pages–4

**1 (Sem–3/FYUGP) HIN41MN/(B)**

**2025**

# HINDI

( Minor )

Paper : HIN4300104 MN

**(SET–B)**

***(Hindi Sahitya Ka Itihas)***

*Full Marks : 60*

Time : 2½ hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) नाथों की संख्या कितनी मानी जाती है?

(ख) 'हम्मीर रासो' के रचयिता कौन है?

(ग) कौन सिद्ध-साहित्य के आरम्भकर्ता माने जाता हैं?

(घ) 'मधुमालती' किस धारा की काव्य कृति है?

(ङ) सूरदास किस युग के कवि हैं?

(च) घनानन्द की काव्य की प्रेरणा शक्ति कौन है?

(छ) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' किस युग के कवि हैं?

(ज) अज्ञेय द्वारा रचित एक काव्य का नामोल्लेख कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं छः*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) 'संत काव्य' की *दो* विशेषताएँ लिखिए।

(ख) 'भरतेश्वर-बाहुबली रास' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) कबीर के 'बीजक' के कितने भेद हैं और क्या क्या हैं?

(घ) रीतिमुक्त *किन्हीं दो* कवियों का नाम लिखिए।

(ङ) केशवदास द्वारा लिखित *दो* ग्रंथों के नामोल्लेख कीजिए।

(च) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार हिन्दी का प्रथम महाकाव्य कौन-सा है? इसके रचनाकार कौन हैं?

(छ) भारतेन्दु मंडल के *किन्हीं दो* लेखकों का नामोल्लेख कीजिए।

(ज) भारत में प्रगतिशील लेखक संघ का प्रथम अधिवेशन कब और कहाँ हुआ था?



3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) हिन्दी साहित्य को सिद्ध साहित्य की क्या देन रही है?

(ख) निर्गुण और सगुण भक्ति की विभिन्न शाखाओं का परिचय दीजिए।

(ग) आदिकाल का सीमांकन कीजिए।

(घ) गोस्वामी तुलसीदास का परिचय दीजिए।

(ङ) रीतिकाल के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(च) बिहारी पर एक टिप्पणी लिखिए।

(छ) छायावादी साहित्य की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ज) आधुनिककालीन सामाजिक परिस्थिति पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) 'आदिकाल' नामकरण की सार्थकता निरूपित कीजिए।

(ख) भक्तिकालीन सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों पर विचार कीजिए।

(ग) रामकाव्य और कृष्णकाव्य के साम्य-वैषम्य को स्पष्ट कीजिए।

(घ) रीतिकाल की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ङ) द्विवेदी युगीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए।